16 मई 2016

संबंधों की पुनःपरिभाषा: यूरोपीय संघ-यूके के नए समझौते का विश्लेषण

*डॉ दिनोज के उपाध्याय**

परिचय

यूके और यूरोपीय संघ (ईयू) ने अपने संबंधों को पुनः परिभाषित करने के लिए एक समझौता किया है। 18-19 फरवरी, 2016 को यूरोपीय परिषद की बैठक में जोरशोर से कई बातचीत करने के बाद, यूरोपीय संघ के नेताओं ने यूरोपीय संघ में सुधार के लिए यूके के कई प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त की। इस सहमति ने ब्रिटिश प्रधान मंत्री डेविड कैमरन को संशोधित यूरोपीय संघ के साथ जुड़े रहने के अभियान के लिए एक राजनीतिक आधार प्रदान किया। यूरो पीय संघ के लिए , जो बाहरी और आंतरिक चुनौतियों का सामना करता है , ऐसा प्रतीत होता है कि यह व्यवस्था दशकों की एकीकरण प्रक्रिया को उलट कर रख देगी , और इसकी प्रमुख रक्षा शक्ति और क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए एक वातावरण का निर्माण करेगी ताकि ये इसके दायरे से बाहर ना चला जाए। ब्रिटिश प्रधान मंत्री कैमरन ने दावा किया कि यूके के लिए प्रस्तावित समझौता यूरोपीय संघ में यूके को एक 'विशेष दर्जा'[1] प्रदान करेगा। यूरोपीय संघ के साथ हुए इस समझौते से उत्साहित , यूके सरकार ने सदस्यता के भाग्य का फैसला करने के लि ए 23 जून को जनमत संग्रह की अपील की। यह निर्णय एक जीवंत सार्वजनिक बहस में बदल गया , जिससे ऐसा लग रहा था कि ये मुद्दा बदलकर यूरोपीय संघ की सदस्यता की कीमत, यूरोपीय संघ के सुधार और लाभ - यूरोपीय संघ से सामाजिक और आर्थिक लाभ के भविष्य का मुद्दा बन गया है।[2]

सैद्धांतिक रूप से, ब्रिटिश की 'असाधारणता'[3] राष्ट्र की अर्थव्यवस्था और राजनीतिक पहचान की संरचना में निहित है।[4] यूरोपीय संघ की सदस्यता में बदलाव और समझौता करने के साथ- साथ यूके ने अपनी एक अलग राजनीतिक पहचान और साथ ही अपनी आर्थिक संरचना को बनाए रखने

का प्रयास किया। यूरोपीय संघ में हुए घटनाक्रमों - यूरोपीय पड़ोस में अस्थिरता, यूरोपीय संशयवाद फैलना, आर्थिक संकट आदि के प्रकाश में यूके द्वारा किए गए प्रयास इसकी अर्थव्यवस्था और विदेशी मामलों के क्रमों का निर्धारण करने में क्षेत्रीय दृष्टिकोण और स्वतंत्र राष्ट्रीय दृष्टि कोण के मध्य एक विवेकपूर्ण संतुलन खोजने की दिशा में एक कदम उठाने का सुझाव देता है।

यूरोपीय संघ के सुधार के लिए यूके की मांगें

ऐतिहासिक रूप से , यूके को यूरोपीय एकीकरण प्रक्रिया पर संदेह रहा है और अपनी खुद की राजनीतिक पहचान बनाए रखने में विश्वास किया है। इस ने 1950 के दशक में यूरोपीय एकीकरण और विकासशील संस्थानों की स्थापना के लिए बातचीत में प्रवेश करने से इनकार किया था। 1970 के दशक की शुरुआत में उस समय की ईईसी (यूरोपीय आर्थिक समुदाय) में शामिल हुआ। फिर भी, उसे "एक अजीब साझेदार"[5] बताया गया, और ईईसी के साथ एक स हज संबंध नहीं बना सका[6] पर फिर भी समृद्ध आर्थिक समुदाय ने देश के हित में काम किया। यूके के लोगों ने 1975 में आयोजित जनमत संग्रह में ईईसी के साथ जुड़े रहने के पक्ष में मतदान किया। ईईसी की सदस्यता ने थैचर सरकार को मुक्त बाजार नीतियों का विस्तार करने का अवसर प्र दान किया। जैसे- जैसे ईईसी ने एकीकरण को गहरा बनाने की दिशा में गति करना शुरू किया, यूरोप के प्रति ब्रिटिश के दृष्टिकोण में अंतर स्पष्ट नज़र आने लगे। इसे एक बार 'यूरोप की पार्टी' माना जाने के बाद,[7] रूढ़िवादियों ने यूरो संशयवाद पर काफी गहरा प्रभाव डाला, जिसने यूरोप को 'ब्रिटिश हित और पहचान का प्रतिपक्षी' बताया।[8] अपने ब्रुग्स के भाषण (20 सितंबर, 1988) में, मार्गरेट थैचर ने यूरोप के सामान्य प्रयासों के महत्व का उल्लेख किया, लेकिन उन्होंने 'राष्ट्रीय पहचान .....का स्वाद चखने' और यूरोपीय संघ के संस्थानों के अत्यधिक विनियमनों पर भी बल दिया ।[9] उन्होंने यूरोप के लिए 'व्यापक क्षितिज' प्रस्तुत करने का तर्क देकर कहा, '(यूरोप) कभी भी संकीर्ण सोच रखने वाले, अंतर्मुखी क्लब के रूप में विकसित नहीं होगा '।[10] यूके की लेबर पार्टी की सरकार यूरोपीय समर्थक रही है। यूरो- संशयवाद मौलिक वै चारिक मुद्दा नहीं थी और लेबर पार्टी की सरकार ने 'अधिक व्यावहारिक और निम्न राजनीतिक यूरोपीय नीति के एजेंडे ' का अनुसरण किया है'।[11] यूनाइटेड किंगडम इंडिपेंडेंस पार्टी (यूकेआईपी) और रूढ़िवादी पार्टी में यूरो- संशयवाद शुरू होने के साथ, रूढ़िवादी सरकार यूरो-संशयवाद के दबाव में आ गई। प्रधान मंत्री कैमरन ने यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को पुनः परिभाषित करने की मांग की।

सदस्यता पर पुनः बातचीत करने के प्रयासों में, प्रधान मंत्री कैमरन ने यूरोपीय संघ में सुधार लाने की अपील की। कैमरन ने यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष, डोनाल्ड टस्क को 10 नवंबर 2015 को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने चार क्षेत्रों में सुधार का प्रस्ताव पेश किया, जो थे आर्थिक शासन, प्रतिस्पर्धा, संप्रभुता और सामाजिक लाभ और मुक्त आवागमन।[12] प्रधान मंत्री ने 'कानूनी रूप से बाध्यकारी सिद्धांतों' का गठन करने, जो संघ के परिचालनों की रक्षा करेगा और इन सिद्धांतों के

कार्यान्वयन के लिए एक तंत्र बनाने की मांग की।[13] चूंकि यूके यूरो क्षेत्र से 'स्थायी रूप से बाहर' है, इसलिए, यह सुनिश्चित करने की मांग की कि यूरो क्षेत्र और गैर-यूरो क्षेत्र देशों के बीच की जाने वाली किसी भी व्यवसाय में 'कोई भेदभाव' और 'कोई हानि'[14] नहीं होनी चाहिए, और यूरो क्षेत्र के निर्णय गैर-यूरो क्षेत्र देशों पर बाध्यकारी नहीं होंगे। यूके यूरोपीय संघ के साथ समावेशी निर्णय और नीति बनाने की प्रक्रिया चाहता है। कैमरन के पत्र में ये भी कहा गया था कि यूके यह भी चाहता है कि सभी सदस्य राज्यों से संबंधित किसी भी मुद्दे पर सभी सदस्य राज्यों द्वारा निर्णय किया जाना चाहिए। आर्थिक संकट से यूरोप में विकास और रोजगार सृजन पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। महाद्वीप में काफी उच्च स्तर की बेरोजगारी दर्ज की गई है। यूके आर्थिक वृद्धि और विकास में सहायता के लिए यूरोपीय संघ से अधिक भूमिका निभाने की अपेक्षा करता है। प्रतिस्पर्धा बढ़ने से निवेश, नवाचार को बढ़ावा मिलता है; अतः, उत्पादकता में भी वृद्धि होती है। यूरोपीय संघ को अधिक लोकतांत्रिक - पारदर्शी न्याय प्रणाली, स्वतंत्र बहुलवादी प्रेस और राष्ट्रीय निहित हितों से निपटने के लिए एक तंत्र बनाने की जरूरत है।[15] यूरोपीय आयोग को 'एक एकल डिजिटल बाजार' और 'पूंजी बाजार संघ' की दिशा में उपाय अपनाने चाहिए।[16] प्रधान मंत्री कैमरन को लगता है कि एक एकल डिजिटल बाजार यूरोपीय संघ के सकल घरेलू उत्पाद में तीन प्रतिशत की बढ़त ला सकता है और पूंजी बाजार का संघ उद्यमशीलता और व्यवसाय विकास को अधिक वित्त प्रदान करने में सहायक हो सकता है।

यूरोपीय संघ को यूरोप के बाहर आर्थिक साझेदारी बढ़ाने में अधिक सक्रिय होना चाहिए। यूके का तर्क है कि विश्व के प्रमुख विकास केंद्रों के साथ मुक्त व्यापार साझेदारी को सार्थक बनाने में यूरोपीय संघ असफल रहा है। उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ ने चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर नहीं किया, लेकिन नॉर्वे, आइसलैंड और स्विट्जरलैंड ने चीन के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किया है। प्रधानमंत्री कैमरन ने अपने पत्र में अमेरिका, चीन, जापान और आसियान के साथ यूरोपीय संघ की प्रमुख व्यापार पहलों में समर्थन की इच्छा भी व्यक्त की। यूके की इच्छा है कि विकास में सहायता के लिए यूरोपीय संघ को प्रतिस्पर्धा और सुधारों को बढ़ावा देने के लिए कुछ अधिक करना चाहिए।[17]

यूके का विदेशी व्यापार स्वरूप दर्शाता है कि यूरोपीय संघ इसका प्रमुख व्यापार साझेदार रहा है, लेकिन गैर-ईयू देशों के साथ इसका आर्थिक जुड़ाव उच्चतर दर से बढ़ रहा है। 2014 में यूरोपीय संघ ने यूके से 44.6 प्रतिशत वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात किया था, यूके में 53.2 प्रतिशत वस्तुओं और सेवाओं का आयात किया था। यूरोपीय संघ के व्यापार मूल्य में वृद्धि होने के बावजूद, सकल व्यापार में हिस्सेदारी कम हो रही है। उदाहरण के लिए, यूके से यूरोपीय संघ और गैर-यूरोपीय संघ के देशों में निर्यात 1999 से लेकर 2014 में वार्षिक रूप से क्रमशः औसतन 3.6 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत बढ़ी है।[18]

राजनीतिक अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय पहचान के संदर्भ में 'ब्रिटिश असाधारणता' को प्रधानमंत्री कैमरन की मांग में परिलक्षित किया गया है। यूके 'हमेशा से करीब संघ' की कटिबद्धता से बाहर निकलना चाहता है।[19] यूरोपीय संघ के मामलों, विशेष रूप से यूरोपीय संघ के निर्णय लेने की प्रक्रिया की वैधता पर विचार- विमर्श में राष्ट्रीय संसदों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। यूरोपीय संघ में लोकतांत्रिक घाटे को कम करने के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों में संसद की संवीक्षा और राष्ट्रीय तथा यूरोपीय स्तरों पर सहभागिता का अधिकार प्रदान करना शामिल है।[20] विद्वानों का यह भी तर्क है कि 'लोकतांत्रिक घाटा' यूरोपीय आर्थिक संरचना का परिणाम है।[21] प्रधानमंत्री कैमरन का कहना है कि राष्ट्रीय संसद को अधिक शक्तियां दी जाएं और इसकी भूमिका को बढ़ाया जाए। वे मातहत के सिद्धांतों को भी ठीक से लागू करना चाहता है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसका उद्देश्य "जहां आवश्यक हो वहां यूरोप, जहां संभव हो वहां राष्ट्रीय" होना चाहिए।[22]

प्रवासन को सीमित करना यूके की महत्वपूर्ण मांग है। यूके का कहना है कि कुल प्रवासन का वर्तमान स्तर यूके के लिए सतत नहीं है। प्रवासियों ने कल्याण और सामाजिक सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव डाला है। यूके ने यूरोपीय संघ के बाहर के प्रवासन को नियंत्रित करने के लिए उपाय किया; हालांकि, यूरोपीय संघ के भीतर का प्रवासन भी नियंत्रित करने की आवश्यकता है। प्रधान मंत्री कैमरन ने कल्याणकारी लाभों या सामाजिक आवास सुविधा को घटाने के लिए कहा। उन्होंने तर्क दिया कि यदि नौकरी तलाशने वाले व्यक्ति को छह महीने में नौकरी नहीं मिलती है, तो उसे वापस भेज दिया जाना चाहिए। वे किसी भी कल्याणकारी भत्ते के हकदार नहीं होंगे। यूके नकली विवाह को नियंत्रित करने के लिए उपाय करना चाहता था। मध्य और पूर्वी यूरोपीय देशों ने प्रवासियों के लिए कल्याणकारी लाभों को कम करने का विरोध किया।

तालिका 1: यूके के प्रधान मंत्री कैमरन की मांगे, यूरोपीय संघ का मसौदा और अंतिम समझौता

मुद्दा	कैमरन की मांग	यूरोपीय संघ का मसौदा प्रस्ताव	अंतिम समझौता	आंकलन
आर्थिक शासन	मुद्रा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं ; याद रखना कि केवल यूरो ही यूरोपीय संघ की मुद्रा नहीं है; गैर-यूरो क्षेत्र देशों के करदाताओं को यूरो ज़ोन से सहायता के लिए आर्थिक रूप से पात्र घोषित ना किया	गैर-यूरो देशों के लिए आर्थिक और मौद्रिक संघ को अधिक गहरा बनाने के उपाय स्वैच्छिक होंगे; यूरो और गैर-यूरो देशों के बीच आपसी सम्मान , आर्थिक संकट में कोई बजटीय उत्तरदायित्व नहीं।	गैर-यूरो सदस्य देशों के लिए आर्थिक और मौद्रिक संघ को और गहरा करने के उपाय स्वैच्छिक हों गे, लेकिन वे भविष्य के एकीकरण प्रक्रिया में बाधा पैदा नहीं करेंगे।	यूरोपीय संघ ने प्रधानमंत्री कैमरन की आर्थिक प्रशासन संबंधी मांगों पर सहमति व्यक्त की है। इस समझौते में यह भी शामिल है कि गैर-यूरो क्षेत्र सदस्य आगे एकीकरण के लिए

	जाए।		यूरो और गैर- यूरो सदस्य राज्य एक दूसरे का सम्मान करेंगे; सभी को एक-समान अवसर प्रदान करने के लिए सभी ऋण संस्थानों और वित्तीय संस्थानों के लिए एक ही नियम लागू होंगे। आर्थिक संकट में कोई बजटीय बाध्यता नहीं होगी।	बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे; ईसीबी की पर्यवेक्षी भूमिका और एकल- नियम पुस्तक के प्रावधान।
प्रतिस्पर्धा	लालफीताशाही में कटौती करना, अत्यधिक विनियमनों को कम करना और एकल बाजारों का विस्तार करना और एकल डिजिटल संघ आदि की ओर बढ़ना; अमेरिका, जापान, चीन और आसियान के साथ व्यापार समझौते करना	यूरोपीय संघ को विकास और रोजगार पैदा करने के लिए प्र तिस्पर्धा बढ़ानी चाहिए ; प्रशासनिक बोझ और अनुपालन घटाना; अनावश्यक विधानों को निरस्त करना; सक्रिय व्यापार नीति को आगे बढ़ाना।	यूरोपीय संघ को विकास और रोजगार पैदा करने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ानी चाहिए ; प्रशासनिक बोझ और अनुपालन घटाना; अनावश्यक विधानों को निरस्त करना; सक्रिय व्यापार नीति को आगे बढ़ाना।	इसे कम से कम विवादास्पद मांग माना जाता है। प्रधान मंत्री कैमरन ने वांछित परिणाम प्राप्त किए हैं।
संप्रभुता	'हमेशा से करीब संघ' की कटिबद्धता को समाप्त करना ; राष्ट्रीय संसदों के लिए अधिक शक्तियां; पूरी तरह से मातहत लागू करना - "जहां	संधियों में यूके की 'विशिष्ट स्थिति ' को मान्यता देना ; हमेशा से करीब संघ का संदर्भ '... सभी सदस्य राज्यों को एक सामान्य गंतव्य के लिए	संधियों में यूके की 'विशिष्ट स्थिति ' को मान्यता देना ; हमेशा से करीब संघ का संदर्भ '... सभी सदस्य राज्यों को एक सामान्य गंतव्य	यूरोपीय संघ ने यूके के साथ हमेशा से करीब संघ की प्रतिबद्धता को समाप्त करने के लिए सहमति व्यक्त की है।

	आवश्यक हो वहां यूरोप, जहां संभव हो वहां राष्ट्रीय"।	मजबूर नहीं करेगा'। मातहत के सिद्धांतों का गैर-अनुपालन होने पर, इस बारे में राष्ट्रीय संसदों के 55% से अधिक मतों के समर्थन के साथ 12 सप्ताह के भीतर परिषद के अध्यक्ष को सूचित किया जाना चाहिए।	के लिए मजबूर नहीं करेगा '। मातहत के सिद्धांतों का गैर-अनुपालन होने पर, इस बारे में राष्ट्रीय संसदों के 55% से अधिक मतों के समर्थन के साथ 12 सप्ताह के भीतर परिषद के अध्यक्ष को सूचित किया जाना चाहिए।	मातहत के सिद्धांतों को लागू करने की प्रधान मंत्री कैमरन की मांग को स्वीकार कर लिया गया है। राष्ट्रीय संसदों को अधिक शक्तियाँ भी प्रदान की गईं। प्रधान मंत्री कैमरन के लिए इसके परिणाम संतोषजनक हैं।
सामाजिक लाभ और मुक्त आवागमन	यूरोपीय संघ के भीतर प्रवासियों पर अधिक नियंत्रण ; धोखेबाज और नकली विवाह करने वालों के लिए कठिन और लंबे समय तक पुनः प्रवेश पर प्रतिबंध ; यूरोपीय संघ के प्रवासियों को कल्याणकारी लाभ या सामाजिक आवास के लिए अर्हता प्राप्त करने से पहले चार साल के लिए योगदान देना होगा।	सदस्य राज्य चार वर्षों की अवधि के लिए परिषद के प्राधिकरण के साथ आने वाले नए श्रमिकों की पहुंच को सीमित करेंगे। यह कार्यान्वयन क्रिया एक सीमित अवधि के लिए लागू होगी , और यह विस्तार योग्य होगी। इस मानक के अनुसार बाल लाभ की गणना की जाएगी कि बच्चा कहाँ रहता है।	सदस्य राज्य चार वर्षों की अवधि के लिए परिषद के प्राधिकरण के साथ आने वाले नए श्रमिकों की पहुंच को सीमित करेंगे। यह कार्यान्वयन क्रिया एक सीमित अवधि के लिए लागू होगी , और यह विस्तार योग्य होगी। इस मानक के अनुसार बाल लाभ की गणना की जा एगी कि बच्चा कहाँ रहता है।	यूरोपीय संघ ने यूके की मांगों को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया है। यूके यूरोपीय संघ के नए प्रवासियों के लाभों को सीमित करने में सक्षम होगा। प्रधान मंत्री कैमरन ने लंबी अवधि के लिए रोक लगाने की मांग की है। हालांकि, अल्प अवधि के लि ए रोक लगाने की स्वीकृति मिली है।

स्रोत: डोनाल्ड टस्क को ब्रिटिश प्रधानमंत्री कैमरन द्वारा दिनांक 10 नवंबर 2015 को लिखा गया पत्र; राज्य या सरकार के प्रमुखों का मसौदा निर्णय, 2 फरवरी, 2016; यूरोपीय परिषद की बैठक (18-19 फरवरी 2016), निष्कर्ष।

नया समझौता क्या प्रस्ताव देता है

1. **आर्थिक शासन:** अंतिम परिणाम में, सदस्य देशों के यूरोपीय संघ के प्रमुखों और सरकार ने सहमति व्यक्त की कि आर्थिक और मौद्रिक संघ को अधिक गहरा बनाने के लिए जो कदम उठाए जाएंगे, वह गैर-यूरो क्षेत्र के सदस्य राज्यों के लिए 'स्वैच्छिक' होंगे, लेकिन जहां भी संभव हो, वहां भाग ले सकेंगे।[23] समझौते ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गैर-प्रतिभागी सदस्य राज्य आर्थिक और मौद्रिक संघ को अधिक गहरा बनाने के कार्य में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे।[24] मसौदे में शामिल किया गया अंतिम समझौता था, "आंतरिक बाजार में सभी को समान अवसर मिलना सुनिश्चित करने के लिए सभी ऋण संस्थानों और अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा एक प्रकार के नियम ही लागू किए जाएंगे।"[25] समझौते में ये प्रावधान फ्रांस के सुझाव पर शामिल किया गया था। प्रधान मंत्री कैमरन ने आर्थिक संकट को दूर करने के उपायों में कोई बजटी य उत्तरदायित्व नहीं होने का आश्वासन भी पाया है। निष्कर्ष यह भी कहते हैं कि "यूरो क्षेत्र की वित्तीय स्थिरता की सुरक्षा के लि ए बनाए गए आपातकाल और संकट के उपायों में ऐसे सदस्य राज्य शामिल नहीं होंगे जिनकी मुद्रा यूरो नहीं है, या, जैसा मामला हो, उनके लिए जो बैंकिंग संघ में भाग नहीं ले रहे हैं"। [26]

2. **प्रतिस्पर्धा:** यूरोपीय संघ ने विकास को बढ़ावा देने और अधिक रोजगार के अवसर के सृजन के लिए उपाय शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। यूरोपीय परिषद की बैठक के निष्कर्ष बताते हैं कि यूरोपीय संघ अधिक रोजगार के सृजन और विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ाएगा। इस समझौते ने वादा किया है कि यूरोपीय संघ के संस्थान और सदस्य राज्य आंतरिक बाजार को मजबूत करने के लिए प्रयास करेंगे , और यूरोपीय संघ प्रशासनिक बोझ को कम करेगा , अनुपालन लागत घटाएगा और अनावश्यक वार्षिक कानूनों को रद्द करेगा। जैसा कि ऊपर कहा गया है, यूके सक्रिय व्यापार नीति को आगे बढ़ाने का इच्छुक है, क्योंकि यह उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ आर्थिक संबंधों को बढ़ाना चाहता है। इसलिए , यूरोपीय संघ ने एक सक्रिय और महत्वाकांक्षी व्यापार नीति का अनुसरण करने के लिए सहमति व्यक्त की है।[27]

3. **संप्रभुता:** इस समझौते ने यूरोपीय संघ की संधियों में यूके की 'विशिष्ट स्थिति' की पुनः पुष्टि की है। यूरोपीय परिषद की बैठक के निष्कर्ष बताते हैं कि यूके 'यूरोपीय संघ के साथ राजनीतिक एकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है ।'[28] इससे स्पष्ट रूप से यह परिकल्पना प्रकट होती है कि "इस मुद्दे को उनके अगले संशोधन के समय संधियों में शामिल किया जाएगा। "[29] निष्कर्ष में यह भी पता चला हमेशा से करीब संघ 'दायरे का विस्तार करने के लिए एक कानूनी आधार प्रदान नहीं करता है ' और सभी सदस्यों को 'एक

सामान्य गंतव्य का लक्ष्य बनाने के लिए मजबूर नहीं करता है। ' प्रधान मंत्री कैमरन ने राष्ट्रीय संसदों के लिए अधिक शक्तियों की मांग की थी। यूरोपीय संघ के राजनीतिक विचार-विमर्शों में अक्सर लोकतांत्रिक घाटे के मुद्दे पर बहस होती है। अतः, यह समझौता मातहत के सिद्धांत पर बल देता है, जो अपील करता है कि इस संबंध में जितना हो सके नागरिकों के करीब निर्णय लिया जाना चाहिए । ये समझौता मातहत के सिद्धांतों सहित मसौदा संघ विधान अधिनियम के गैर-अनुपालन की सूचना देने के प्रावधानों के साथ राष्ट्रीय संसदों को सशक्त बनाने का प्रयास करता है। यह मसौदे के प्रसारण से 12 सप्ताह के भीतर भेजा जा सकता है, जो राष्ट्रीय संसदों को आवंटित 55 प्रतिशत से अधिक मतों का प्रतिनिधित्व करता हो।

4. **सामाजिक लाभ और मुक्त आवागमन**: समझौते में, यूरोपीय संघ ने माना है कि मुक्त आवागमन आंतरिक बाजार का एक अभिन्न अंग है। यूरोपीय संघ ने एक सतर्क और सुरक्षित तंत्र प्रदान करने के लिए विनियमन में संशोधन करने के लिए सहमति व्यक्त की है जो लम्बे समय अवधि के दौरान अत्यधिक संख्या में अन्य सदस्य राज्यों से श्रमिकों के अंतर्प्रवाह की स्थितियों के प्रति प्रतिक्रिया करेगा। सबसे पहले, संबंधित सदस्य राज्य सूचित करेगा कि एक असाधारण स्थिति उत्पन्न हुई है और यह सामाजिक सुरक्षा को प्रभावित करेगी। आयोग द्वारा स्थिति की जांच की जाने के बाद, परिषद 'उस सदस्य राज्य को अधिकार देगा कि वह रोजगार की शुरुआत से कुल चार वर्षों की अवधि तक यूरोपीय संघ से आने वाले नए श्र मिकों को सीमित करे जो कार्य-लाभों में योगदान देने योग्य नहीं हैं ।'[30] निष्कर्ष ये बताते हैं कि यह अधिकार एक सीमित अवधि के लिए प्राप्त होगी और सात वर्षों की अवधि के दौरान यूरोपीय संघ के नए आने वाले श्रमिकों पर लागू होगी।[31] यूरोपीय संसद के विनियमन (ईसी) संख्या 883/2004 में संशोधन करने पर भी सहमति व्यक्त की गई है कि बाल निर्यात लाभ का निर्णय इस आधार पर किया जाएगा कि वह बच्चा कहां रहता है।[32]

यूरोपीय संघ पर प्रभाव

समझौते ने यूरोपीय संघ में यूके के लिए एक विशेष व्यवस्था बनाई है। इस समझौते के यूरोपीय संघ और इसके सदस्य राज्यों की आंतरिक राजनीतिक गतिशीलता के लिए कई निहितार्थ हैं। यूरोपीय संघ सदस्य देशों के असमान उद्देश्यों और एकीकरण प्रक्रिया के दायरे और सामग्री के साथ राजनीतिक इच्छा में सामंजस्य स्थापित करने की चुनौतियों का सामना कर रहा है।[33] यूरोपीय संघ ने यूरोपी य एकीकरण के व्यापक उद्देश्य में यूके की मांग को निपटाने का प्रयास किया है। लेकिन विश्लेषकों का तर्क है कि यह समझौता 'मुसीबतों की पेटी'[34] खोल सकता है और अन्य सदस्य राज्य भी अपनी सुविधानुसार इस तरह के विशेष अधिकारों की मांग कर सकते हैं। उनका ये डर यूरोपीय सं घ के सदस्य राज्यों में बदलती राजनीतिक गतिशीलता पर आधारित है। यूरोपीय देशों में हुए हाल के

चुनावों में सुदूरवर्ती दलों ने चुनावी सफलता हासिल की है। उनके चुनावी एजेंडे में यूरोपीय एकीकरण प्रक्रिया में आगे संघर्ष या तनाव पैदा करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए, नेशनल फ्रंट ने कहा कि अगर वह सत्ता में आता है तो वह फ्रांस के लिए भी ऐसा ही बंदोबस्त करेगा। आर्थिक संकट और वर्तमान की प्रवासी/ शरणार्थी संकट ने पहले ही सदस्य देशों के मध्य क्षेत्रीय संकटों के प्रति आम प्रतिक्रियाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को जटिल बना दि या है। समझौते को लेकर बातचीत की प्रक्रिया का विश्लेषण दर्शाता है कि सदस्य राज्यों का रुख अनेक कारणों द्वारा संचालित होता है , जिसमें उनके राष्ट्रीय हित से लेकर यूरोपीय एकीकरण प्रक्रिया को विस्तृत करने के लिए बदलती हुई राजनितिक गतिशीलता शामिल है।

इस समझौते ने यूरोपीय संघ में गैर- यूरो क्षेत्र सदस्य राज्यों के साथ भेदभाव ना करने का आश्वासन दिया है, लेकिन यह इस बात पर अड़ा हुआ है कि यूरो क्षेत्र देश आर्थिक और मौद्रिक संघ को गहरा करने की दिशा में आगे कदम बढ़ा सकते हैं। समझौते में यह भी कहा गया है कि यूरोपीय सेंट्रल बैंक एकल पर्यवेक्षक के रूप में कार्य करने के लिए संघ कानून लागू करेगा। जर्मनी और फ्रांस दोनों ने प्रधान मंत्री कैमरन की मांगों का समर्थन किया और यूके के लिए विशेष व्यवस्था करने के लिए तैयार थे, लेकिन यूरोपीय संघ की कीमत पर नहीं। फ्रांस का कहना है कि ब्रे क्सिट यूके और यूरोपीय संघ दोनों के लिए एक सकारात्मक परिदृश्य नहीं हो सकता। हालाँकि, यह किसी भी सदस्य राज्य को शक्ति प्रदान करने के खिलाफ था , जो कि यूरोपीय संघ के वित्तीय विनियमों को बाधित कर सकता है।[35] फ्रांस ने बल देकर कहा कि यूके को विशेष रूप से वित्तीय विनियमों पर 'यूरोपीय संघ के नियमों से कोई छूट' नहीं दी जानी चाहिए।[36] फ्रेंच राष्ट्रपति हॉलैंड ने कहा, *"किसी भी देश को निषेधाधिकार नहीं होना चाहिए, कोई भी देश सामान्य नियमों या सामान्य अधिकारों से विमुक्त नहीं होना चाहिए। यहाँ पूरा यूरोपीय संघ दांव पर है, ना कि यूरोपीय संघ का केवल एक देश।"*[37] फ्रंट नेशनल का उदय यूरोपीय संघ के बदलावों के प्रति फ्रांस की नीति को प्रभावित कर सकता है। ब्रेक्सिट की वजह से फ्रांस की ऐसी मांगें तीव्र हो सकती हैं; जिसके परिणामस्वरूप, एफएन को चुनावी लाभ मिल सकता है। जर्मनी का रुख भी ये बताता है कि ब्रेक्सिट बैठक को टालना यूरोपीय संघ और यूके दोनों के पारस्परिक हित में होगा । चांसलर मर्केल यूके और अन्य सदस्य राज्यों के मध्य एक 'समझौता-दलाल' थीं। यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष , जीन-क्लाउड जुनकर और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष, डोनाल्ड टस्क के साथ मिलकर उन्होंने इस समझौते को सार्थक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।[38]

लगभग हर सदस्य राज्यों के मध्य प्रतिस्पर्धा वांछनीय है। यूरोपीय संघ को अपने संस्थानों , लालफीताशाही में सुधार करने और अनावश्यक विनियमों को रद्द करने की आवश्यकता है। एकल बाजार के सुदृढ़ीकरण और कस्टम यूनियन की प्रधानमंत्री कैमरन की मांग को कई सदस्य राज्यों का समर्थन हासिल हुआ।

समझौते ने एक अलग राजनीतिक पहचान बनाए रखने की यूके की मांग को स्वीकार किया। इस तरह के प्रावधान अन्य सदस्य राज्यों की मांगों को हवा दे सकते हैं। समझौते ने यूरोपीय संघ की संस्थागत संरचना में राष्ट्रीय संसदों की भूमिका की पुनः पुष्टि की। यूरोपीय संघ (2009) की संधि में निर्दिष्ट है कि संघ के संस्थानों पर मातहत और आनुपातिकता के सिद्धांतों को लागू होंगे। समझौते में मातहत के सिद्धांत के कार्यान्वयन पर भी बल दिया गया। लेकिन यह यूरोपीय संघ और राष्ट्रीय स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया में कानूनी जटिलताएं पैदा कर सकता है। यह तर्क दिया जाता है कि अगर यूके यूरोपीय संघ के साथ जुड़े रहने की इच्छा व्यक्त करता है, तो निर्णय लेने के सवाल की वैधता अधिक प्रासंगिक हो जाएगी। [39] यूरोपीय संघ ने विभिन्न सदस्य देशों के लिए उपलब्ध एकीकरण के विभिन्न रास्तों पर सहमति व्यक्त की है , जो यूरोप के एकीकरण के सामान्य लक्ष्य को समाप्त कर सकता है।[40]

लोगों की मुक्त आवागमन यूरोपीय एकीकरण का एक मूलभूत मूल्य है , जिसे इस समझौते में उत्तम मान्यता मिली है। यूरोपीय संघ के सदस्य राज्यों के लोगों को पूरे यूरोपीय संघ में रोजगार तलाशने का अधिकार है। हालांकि, इस समझौते में इस बात को मान्यता दी गई है कि सदस्य राज्य यूरोपीय आयोग की मंजूरी से असाधारण परिस्थितियों में लोगों की आवागमन और कल्याणकारी लाभ को रोक सकते हैं। अन्य रा ज्य भी कल्याण और बाल लाभ पर नियंत्रण से लाभान्वित होने की उम्मीद कर रहे हैं। समझौते में कहा गया है कि यूके अब अपने देश में रहने वाले बच्चों के लिए पूर्ण बाल लाभ का भुगतान नहीं करेगा। जर्मनी में भी बाल लाभ का व्यय अधिक है। यह ब्रिटिश उपायों का पालन कर सकता है, जहां बच्चों के लिए किया जाने वाला भुगतान उस स्थान में जीवन-यापन की लागत या लाभ दरों को अनुक्रमित करके किया जाएगा जहां बच्चे रहते हैं। ऑस्ट्रिया , डेनमार्क और नीदरलैंड ने भी इस तरह के उपायों को अपनाने में रुचि व्यक्त की है। [41] पूर्वी यूरोप के चार सदस्य देश लोगों के मुक्त आवागमन को नियंत्रित करने के खिलाफ थे। यद्यपि वे कल्याणकारी लाभों को घटाने और उन पर रोक लगाने के प्रावधानों से सहमत थे , लेकिन वे मौजूदा प्रवासियों के साथ भेदभाव करने के विरोध में हैं। उदाहरण के लिए , पोलैंड ने तर्क दिया कि यूके में पहले से रह रहे पोल लोगों को रोजगार और बाल लाभ प्रदान करना जारी रखने की अनुमति दी गई थी। [42] यह अंतिम समझौते में समाविष्ट है।

निष्कर्ष

यूरोपीय संघ ने नए समझौते के साथ यूके की मांगों को समायोजित करने का प्रयास किया है। सदस्य देशों के बीच व्यापक विचार- विमर्श और सौदेबा जी के बाद इस समझौते पर पहुंचा गया । ब्रिटिश राजनीतिक दलों [43] ने समझौते पर विभिन्न प्रतिक्रियाएं दी हैं ; हालांकि, प्रस्तावित सुधार प्रस्ताव यूरोपीय संघ और यूके दोनों के लिए एक संतुलित राजनीतिक सौदा है। प्रधानमंत्री कैमरन

अपनी सभी मांगों को हासिल नहीं कर पाए हैं। यूके ने प्रतिस्पर्धा पर अपने उद्देश्यों को प्राप्त किया है। वास्तव में, रोजगार और विकास की संभावनाओं को बढ़ाने के संबंध में यूरोपीय संघ की भूमिका सभी सदस्य देशों के लिए फायदेमंद होगी। आर्थिक शासन के मुद्दे पर, यूरोपीय संघ ने यूरो और गैर यूरो सदस्य देशों के बीच संतुलन बनाए रखा है। यूके सामाजिक लाभ और मुक्त आवागमन के मामले में भी आंशिक रूप से सफल रहा है।

यूके की प्रतिक्रियाएं आवश्यक रूप से यूके की सदस्यता के मुद्दे और यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं , लेकिन आंतरिक राजनीतिक गतिशीलता और यूरो संशयवाद के उदय सहित देश के साथ राजनीतिक विचार-विमर्शों से संबंधित हैं। कंजर्वेटिव पार्टी में विभाजन स्वयं प्रधानमंत्री के लिए एक बड़ी चुनौती है। प्रधान मंत्री कैमरन यूरोपीय संघ के साथ जुड़े रहने के पक्ष में व्यापक रूप से प्रचार कर रहे हैं। मंत्रिमं डल के कुछ सहयोगियों और उनकी पार्टी के कई सांसदों ने सरकार से अलग एक राजनीतिक रुख अपनाया है। 23 जून को होने वाले राजनीतिक अभ्यास से यूके में नए राजनीतिक अभिनेताओं का उदय हो सकता है।

***

**डॉ डीनोज के उपाध्याय इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स, सप्रू हाउस, नई दिल्ली में रिसर्च फेलो हैं।*

इसमें व्यक्त किए गए विचार शोधकर्ता के हैं और परिषद के नहीं हैं।

अंत टिप्पण:

1 "EU Deal Gives UK Special Status, Says David Cameron," *BBC*, February 20, 2016, http://www.bbc.com/news/uk-politics-35616768 (Accessed March 3, 2016)
2 "Get Britain Out, Time to Leave the EU," http://getbritainout.org/
3 Chris Gifford, *The Making of Eurosceptic Britain: Identity and Economy in a Post-Imperial State,* (Hampshire: Ashgate Publishing Limited, 2008), p. 83.
4 Chris Gifford, *The Making of Eurosceptic Britain: Identity and Economy in a Post-Imperial State,* (Hampshire: Ashgate Publishing Limited, 2008), p. 83.
5 Stephen George, *An Awkward Partner: Britain in the European Community,* Oxford University Press, Oxford, 1998.
6 Tim Oliver, "Europe's British Question: The UK-EU Relationship in a Changing Europe and Multipolar World, Global Society, Vol 29, No. 3, p. 409. 11Conservative Party stands divided, Labour Party called it largely irrelevant, but supports EU membership, UKIP opposed, SNP argues that the EU needs reform but it supports EU membership.
7 Oliver Daddow, "Strategising European Policy: David Cameron's Referendum Gamble," *The RUSI Journal*, 160:5, November 2015.
8 Chris Gifford, *The Making of Eurosceptic Britain: Identity and Economy in a Post-Imperial State,* (Hampshire: Ashgate Publishing Limited, 2008), p. 83.
9 Oliver Daddow, "Strategising European Policy: David Cameron's Referendum Gamble," *The RUSI Journal*, 160:5, November 2015.
10 Margaret Thatcher, Speech to the College of Europe ("The Bruges Speech"), September 20, 1988, http://www.margaretthatcher.org/document/107332 (Accessed February 2, 2016).
11 Chris Gifford, *The Making of Eurosceptic Britain: Identity and Economy in a Post-Imperial State,* (Hampshire: Ashgate Publishing Limited, 2008), p. 139.

12 Prime Minister Letter to the President of European Council Donald Tusk, 10 November 2015, 10 Downing Street London, https://www.gov.uk/government/uploads/system/uploads/attachmentdata/file/475679/DonaldTusk letter.pdf (Accessed January 10, 2016).
13 Ibid.
14 Ibid.
15 Christian Odendahl, "European Competitiveness, Revisited," *Center for European Reforms,* January 19, 2016.
16 Prime Minister Letter to the President of European Council Donald Tusk, 10 November 2015, 10 Downing Street London, https://www.gov.uk/government/uploads/system/uploads/attachmentdata/file/475679/DonaldTusk letter.pdf (Accessed January 10, 2016).
17 Ibid
18 Office for National Statistics, "How Important is the European Union to UK Trade and Investment?" http://www.ons.gov.uk/ons/rel/international-transactions/outward-foreign-affiliates-statistics/how-important-is-the-european-union-to-uk-trade-and-investment-/sty-eu.html (Accessed February 5, 2016).
19 Prime Minister Letter to the President of European Council Donald Tusk, 10 November 2015, 10 Downing Street London.
20 Katrin Auel & Thomas Christiansen, "After Lisbon: National Parliaments in the European Union," *West European Politics*, 38:2, 2015, 261-281.
21 Jakub J. Grygiel, "The Faulty Logic of the European Union & Its Consequences for the United States," *Orbis*, Fall 2012, p. 521.
22 Prime Minister Letter to the President of European Council Donald Tusk, 10 November 2015, 10 Downing Street London.
23 European Council, European Council meeting (18 and 19 February 2016) – Conclusions, Brussels, 19 February 2016, p. 12.
24 Ibid
25 Ibid, p-13.
26 Ibid, p. 14.
27 Ibid, p. 15.
28 Ibid, p.16
29 Ibid
30 Ibid, p. 23.
31 Ibid, p.23
32 Ibid, p. 22
33 Funda Tekin, Brexit or No Brexit? Political and Institutional Implications of an EU without the UK. *IAI,* March 2016.
34 Sylvie Goulard, Brexit Deal 'Is Legally Dubious and Politically Dangerous', *Financial Times*, February 22, 2016, http://www.ft.com/intl/cms/s/0/bb4326aa-d749-11e5-829b-8564e7528e54.html#axzz48EMZ3Vsh (Accessed May 5, 2016).
35 Benjamin Dodman, "Brexit Saga, Britain Is Fast Running Out Of Friends," *France 24*, February 5, 2016, http://www.france24.com/en/20160205-brexit-uk-europe-cameron-france-hollande-referendum-eurosceptic (Accessed February 7, 2016).
36 Alex Barker, George Parker and Jim Brunsden, "Brexit: Talks Drag on as France and Poland Dig In," *Financial Times,* February 19, 2016, https://next.ft.com/content/19fe32bc-d6db-11e5-8887-98e7feb46f27 (Accessed May 3, 2016); BBC, "EU reform Deal: What Cameron Wanted and What He Got," February 20, 2016, http://www.bbc.com/news/uk-politics-eu-referendum-35622105 (Accessed May 3, 2016).
37 Oliver Wright, EU deal: David Cameron Urged to Sign 'Take It or Leave It' Clause as Donald Tusk Says Talks May Be Extended Until Sunday, *The Independent*, February 19, 2016, http://www.independent.co.uk/news/world/europe/eu-deal-france-and-belgium-demand-take-it-or-leave-clause-to-avoid-second-renegotiation-in-event-of-a6882261.html (Accessed May 4, 2016).
38 Tara Palmeri, "Germany Wants To Be a Brexit Broker," *Politico*, November 24, 2015, http://www.politico.eu/article/germany-merkel-wants-to-be-a-brexit-cameron-broker/ (Accessed January 25, 2016).
39 Funda Tekin, Brexit or No Brexit? Political and Institutional Implications of an EU Without the UK. *IAI,* March 2016.
40 Charles Grant, Cameron's Deal is More Than It Seems," Center for European Reform, March 23, 2016.
41 Philip Oltermann, Germany Among EU Countries Keen to Copy UK Child Benefit Peg, *The Guardian*, February 18, 2016, http://www.theguardian.com/world/2016/feb/23/germany-angela-merkel-eu-countries-keen-copy-uk-child-benefit-peg (Accessed May 7, 2016).
42 Patrick Wintour, "Poland Will Not Accept Cut in Benefits for Those Already in UK, Says Aide," *The Guardian*, 18 February 2016, http://www.theguardian.com/politics/2016/feb/18/poland-will-not-accept-cut-in-benefits-for-those-already-in-uk-says-aide (Accessed May 7, 2016).